THE VILLAGE
INTERNATIONAL SCHOOL
"We Nurture Dreams"
AIM HIGH, TOGETHER WE FLY

| | | |
|---|---|---|
| DATE-30 /9 /2023<br>GRADE- 8 | TERM-1 [2023-24 ]<br>HINDI [2ND Language] | Max marks- 40<br>Time -2Hrs |

**सामान्य निर्देश :**

1. **निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए |**
2. **प्रश्नों के उत्तर अंक अनुसार व क्रमानुसार दीजिए |**

**खंड - 'अ'- वस्तुपरक प्रश्न**

| **क्रम सं** | **प्रश्न** | **अंक** |
|---|---|---|
| | SECTION - A | |
| | **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए [ UNSEEN PASSAGE READING ]** | 5X1=5 |
| | **कार्य का महत्त्व और उसकी सुंदरता उसके समय पर संपादित किए जाने पर ही है। अत्यंत सुघड़ता से किया हुआ कार्य भी यदि आवश्यकता के पूर्व न पूरा हो सके तो उसका किया जाना निष्फले ही होगा। चिड़ियों द्वारा खेत चुग लिए जाने पर यदि रखवाला उसकी सुरक्षा की व्यवस्था करे तो सर्वत्र उपहास का पात्र ही बनेगा। उसके देर से किए गए उद्यम का कोई मूल्य नहीं होगा। श्रम का गौरव तभी है जब उसका लाभ किसी को मिल सके। इसी कारण यदि बादलों द्वारा बरसाया गया जल कृषक की फ़सल को फलने-फूलने में मदद नहीं कर सकता तो उसका बरसना व्यर्थ ही है। अवसर का सदुपयोग न करने वाले व्यक्ति को इसी कारण पश्चाताप करना पड़ता है** | |

Prepared by - Ms.G JISHA
HOS - Ms.VIDHYA RAJESH

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जीवन में समय का महत्त्व क्यों है?<br><br>A) समय काम के लिए प्रेरणा देता है। B) समय की परवाह लोग नहीं करते।<br>C) समय पर किया गया काम सफल होता है। D) समय बड़ा ही बलवान है। | |
| 2 | खेत का रखवाला उपहास का पात्र क्यों बनता है ?<br><br>A) खेत में पौधे नहीं उगते। B) समय पर खेत की रखवाली नहीं करता।<br><br>C) चिड़ियों का इंतजार करता रहता है। D) खेत पर मौजूद नहीं रहता। | |
| 3 | मदद शब्द का सही अर्थ चुनिए?<br>A) बेकार B)सफल<br><br>C) सहायता D) संदेह | |
| 4 | बादल का बरसना व्यर्थ है, यदि ?<br><br>A) गरमी शांत न B) फ़सल को लाभ न पहुँचे<br><br>C) किसान प्रसन्न न हो D) नदी-तालाब न भर जाएँ | |
| 5 | इस गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा<br>A) बादल का बरसना B) चिड़ियों द्वारा खेत का चुगना<br><br>C) किसान का पछतावा करना D) समय का सदुपयोग | |

| | | |
|---|---|---|
| | **SECTION – B** | |
| | निर्देशानुसार सही उत्तर चुनिए। [ CHOOSE THE CORRECT ANSWER ] | 10X1=10 |
| | | |


Prepared by - Ms.G JISHA

HOS - Ms.VIDHYA RAJESH

| | | |
|---|---|---|
| 6 | धन = __________ , ______________ [पर्यायवाची शब्द पहचानिए] [FIND THE SYNONYMS ]<br>A) वस्त्र , चीर B) नृप , भूपति<br>C) अर्थ , वित्त D) गुस्सा , रोष | |
| 7 | उल्लास = ________________ [उचित अर्थ पहचानिए] [FIND MEANING]<br>A) ह्रदय B) खुशी<br>C) कोम D) चाह | |
| 8 | 'आँखों से खा जाना' मुहावरे का सही अर्थ लिखिए। [FIND THE MEANING]<br>A) क्रोधित होना B) निश्चिन्त सोना<br>C) दुर्लभ होना D) ठोकरें खाना | |
| 9 | "सड़क पर गाड़ियाँ चलती हैं।" [ उचित संज्ञा के भेद चुनिए।] [ FIND THE TYPE OF NOUN]<br>A) जातिवाचक संज्ञा B) व्यक्तिवाचक संज्ञा<br>C) भाववाचक संज्ञा D) द्रव्यवाचक संज्ञा | |
| 10 | अमृत x ___________ [उचित विलोम शब्द चुनिए [FIND OPPOSITE ]<br>A) कठोर B) विष<br>C) आरंभ D) पराया | |
| 11 | 'ध्वनि' नामक कविता में 'कलियाँ' किसका प्रतीक हैं?<br>A) नवयुवकों का B) फूलों का<br>C) वसंत का D) प्रातः काल का | |
| 12 | बदलू कौन था ?<br>A) एक किसान था B) एक राज मिस्त्री था<br>C) एक मनिहार था D) एक वकील था | |
| 13 | 'दीवानों की हस्ती' नामक कविता किसके द्वारा लिखी गयी है ?<br>A) रामधारी सिंह दिनकर B) भगवतीचरण वर्मा<br>C) सूर्यकांत त्रिपाठी निराला D) महादेवी वर्मा | |

Prepared by - Ms.G JISHA

HOS - Ms.VIDHYA RAJESH

| | | |
|---|---|---|
| 14 | **दीवानों क्या बनकर आते है ?**<br>A) हताश      B) उल्लास<br>C) रस      D) आँसू | |
| 15 | **'ध्वनि' कविता के रचयिता निम्नलिखित में से कौन हैं?**<br>A) रामधारी सिंह 'दिनकर'      B) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'<br>C) रामचंद्र तिवारी      D) प्रभुनारायण | |
| | **पर्यायवाची का सही मिलान कीजिए।MATCH THE FOLLOWING** | 1x5=5 |
| 16<br>17<br>18<br>19<br>20 |  | |
| | **SECTION - C** | |
| | **निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए :- [ ANSWER THE QUESTION ]** | 5X2=10 |
| 21<br><br><br>22 | **बिलवासी ने जिस तरीके से रुपयों का प्रबंद किया, वह सही था या गलत ?**<br>• बिलवासी जी ने जिस तरीके से रुपयों का प्रबंध किया, वह गलत था। अपनी स्वार्थ सिद्धि के लिए किसी को उल्लू नहीं बनाना चाहिए।<br>**लेखक के मन में हिस्सेदार साहब केलिए श्रद्धा क्यों जग गई ?**<br>• लेखक के मनमें हिस्सेदार साहब केलिए श्रद्धा इसलिए जग गयी क्योंकि वह टायर की स्तिथि जानते हुए भी बस को चलाने का साहस जूता रहा था। | |


Prepared by - Ms.G JISHA

HOS - Ms.VIDHYA RAJESH

| | | |
|---|---|---|
| 23 | **कवी ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को 'आँसू बनकर बह जाना' क्यों कहा है ?**<br>• **कवि ने अपने आने को 'उल्लास' और जाने को आँसू बनकर बाह जाना इसलिए कहा है क्योंकि उनके आने से लोगों में मस्ती और खुशी छा जाती है। लेकिन जब कवि किसी जगह को छोड़कर जाने लगते है तो उन्हें और लोगों को दुःख पहुँचाता है।** | |
| 24 | **आपके विचार में अंग्रेज़ ने यह पुराना लोटा क्यों खरीद लिया ?**<br>• **अंग्रेज़ को पुरानी ऐतिहासिक चीज़ें इकट्ठा करने का शौक था। और साथ ही मेजर डगलस के सामने दिखावा भी कर सकते हैं क्योंकि उन दोनों में हमेशा इसकी होड़ रहती थी।** | |
| 25 | **"मैं हर पेड़ को दुश्मन समझ रहा था।" लेखक हर पेड़ को दुश्मन क्यों समझ रहा था ?**<br>• **बस की बुरी हालत से लेखक को ऐसा लगता था कि कभी भी कहीं भी इसकी स्टीयरिंग टूट सकती है इसका ब्रेक फ़ैल हो सकता है। लेखक को दर लग रहा था कि यह बस किसी पेड़ से टकरा न जाए।** | |
| 26 | **प्रदूषण अथवा वृक्षों के महत्त्व के बारे में एक अनुच्छेद लिखिए।**<br>• प्रदूषण हमारे जीवन के उन प्रमुख विषयों में से एक है, जो इस समय हमारी पृथ्वी को व्यापक स्तर पर नकारात्मक रूप से प्रभावित कर रहा है। यह एक ऐसा मुद्दा है जो लंबे समय से चर्चा व चिंता का विषय रहा है तथा 21वीं सदी में इसका हानिकारक प्रभाव बड़े पैमाने पर महसूस किया जा रहा है। हालांकि विभिन्न देशों की सरकारों ने इसके प्रभाव को रोकने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी इस समस्या के समाधान हेतु एक लंबा रास्ता तय करना बाकी है।<br><br>इससे कई प्राकृतिक प्रक्रियाओं में गड़बड़ी आती है। इतना ही नहीं, आज कई वनस्पतियां और जीव-जंतु या तो विलुप्त हो चुके हैं या विलुप्त होने की कगार | 1X5=5 |

Prepared by - Ms.G JISHA

HOS - Ms.VIDHYA RAJESH

| | | |
|---|---|---|
| | पर हैं। प्रदूषण की मात्रा में तेजी से वृद्धि के कारण पशु तेजी से न सिर्फ अपना घर खो रहे हैं, बल्कि जीवित रहने लायक प्रकृति को भी खो रहे हैं। प्रदूषण ने दुनिया भर के कई प्रमुख शहरों को प्रभावित किया है।<br><br>OR<br><br>• जीवन के हर क्षेत्र में वृक्षों का महत्व बहुत अधिक है। हमारे स्वास्थ्य से लेकर निवास तक हर जगह पेड़ों का महत्व देखा जा सकता है। पौधों के रस से कई औषधियां तैयार की जाती हैं। लगभग सभी रोगों का उपचार करने वाला आयुर्वेद पेड़-पौधों पर आधारित है। हमारे घर के लिए सुंदर फर्नीचर लकड़ी से बने होते हैं जो हमें पेड़ों से मिलते हैं। पेड़ पृथ्वी पर कई वन्यजीवों को आश्रय भी प्रदान करते हैं। कई उद्योग जैसे फर्नीचर, लुगदी और कागज, डेंड्रो बायोमास बिजली उत्पादन उद्योग आदि पेड़ों पर आधारित हैं। ये उद्योग हर देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं और इस प्रकार देश के विकास में मदद करते हैं। | |
| 27 | **चित्र देखकर उसके बारे में 5 वाक्य लिखिए।** | 1X5=5 |
| | <br><br>• **इस चित्र में गाँव का वातावरण दिखाया गया है जहाँ बहुत सरे पालतू जानवर है।** | |

Prepared by - Ms.G JISHA

HOS - Ms.VIDHYA RAJESH

| | | |
|---|---|---|
| | • एक आदमी ज़मीन पर हल जोट रहा है।<br>• चित्र में एक कुआँ भी है और बाल्टी में पानी भरा हुआ है।<br>• एक लड़का गाय का दूध दुह रहा है।<br>• एक औरत मुर्गियों को दाना खिला रही है। | |

Prepared by - Ms.G JISHA

HOS - Ms.VIDHYA RAJESH